**फा.सं.25-I(02)/2021-एएचडी/एआर**

**भारत सरकार**

**मत्स्यपालन, पशुपालन एवं डेयरी मंत्रालय**

**पशुपालन और डेयरी विभाग**

**(एआर अनुभाग)**

*********

कृषि भवन, नई दिल्ली

दिनांक: 25 अगस्त, 2021

## कार्यालय ज्ञापन

**विषय: मंत्रिमंडल के लिए पशुपालन एवं डेयरी विभाग के संबंध में जुलाई, 2021 का मासिक सारांश।**

अधोहस्ताक्षरी को पशुपालन और डेयरी विभाग द्वारा जुलाई, 2021 माह में किए गए प्रमुख क्रियाकलापों, लिए गए निर्णयों तथा मंत्रिमंडल/मंत्रिमंडल समितियों द्वारा लिए गए निर्णयों पर की गई कार्रवाई की प्रगति से संबंधित मासिक सारांश सूचनार्थ इसके साथ परिचालित करने का निदेश हुआ है।

संलग्नक: यथोक्त

(सर्बेस्वर माझी)

उप सचिव (जीसी/पीसी)

फोन: 011 23388534

सेवा में,

मंत्रिपरिषद के सभी सदस्य

प्रतिलिपि:

1. प्रधान मंत्री के प्रधान सचिव
2. राष्ट्रपति के सचिव, राष्ट्रपति भवन, नई दिल्ली।
3. उपराष्ट्रपति के सचिव, 6, मौलाना आजाद रोड, नई दिल्ली ।
4. प्रेस सूचना अधिकारी, सूचना और प्रसारण मंत्रालय, शास्त्री भवन, नई दिल्ली।
5. सचिव, मत्स्यपालन विभाग, कृषि भवन, नई दिल्ली।
6. सचिव, कृषि, सहकारिता और किसान कल्याण विभाग, कृषि भवन, नई दिल्ली।
7. सचिव, कृषि अनुसंधान एवं शिक्षा विभाग, कृषि भवन, नई दिल्ली।

8. सचिव, पेयजल और स्वच्छता मंत्रालय, पर्यावरण भवन, सीजीओ कॉम्प्लेक्स, नई दिल्ली।
9. सचिव, वित्तीय सेवाएं विभाग, जीवन दीप भवन, संसद मार्ग, नई दिल्ली।
10. सचिव, पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, इंदिरा पर्यावरण भवन, जोर बाग रोड, नई दिल्ली।
11. सचिव, स्वास्थ्य और परिवार कल्याण विभाग, निर्माण भवन, नई दिल्ली।
12. सचिव, व्यय विभाग, नॉर्थ ब्लॉक, नई दिल्ली।
13. सचिव, आर्थिक कार्य विभाग, नॉर्थ ब्लॉक, नई दिल्ली।
14. सचिव, ग्रामीण विकास विभाग, कृषि भवन, नई दिल्ली।
15. सचिव, सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय, सरदार पटेल भवन, नई दिल्ली।
16. सचिव, पंचायती राज मंत्रालय, कृषि भवन, नई दिल्ली।
17. सचिव, सूचना प्रौद्योगिकी विभाग, इलेक्ट्रॉनिक्स निकेतन, सी.जी.ओ. कॉम्प्लेक्स, लोधी रोड, नई दिल्ली।
18. सलाहकार, कृषि, नीति आयोग, नीति भवन, नई दिल्ली।
19. संयुक्त सचिव, मंत्रिमंडल सचिवालय, राष्ट्रपति भवन, नई दिल्ली।

प्रतिलिपि सूचनार्थ:

1) माननीय मत्स्यपालन, पशुपालन तथा डेयरी मंत्री के निजी सचिव।
2) सभी माननीय राज्य मंत्रियों के निजी सचिव (डीएएचडी)।
3) एएस और एफए के प्रधान निजी सचिव।
4) पशुपालन आयुक्त के प्रधान निजी सचिव।
5) डीएएचडी के सभी संयुक्त सचिवों के प्रधान निजी सचिव।
6) तकनीकी निदेशक, एनआईसी, डीएएचडी को संलग्न दस्तावेजों को विभागीय वेबसाइट में अपलोड करने के लिए।

फा.सं.25-।(02)/2021-एएचडी/एआर

भारत सरकार

मत्स्यपालन, पशुपालन एवं डेयरी मंत्रालय

पशुपालन और डेयरी विभाग

*****

## जुलाई 2021 माह के दौरान लिए गये महत्वपूर्ण नीतिगत निर्णय और प्रमुख उपलब्धियां-

1. सीसीईए ने 14/07/2021 को हुई अपनी बैठक में पशुधन क्षेत्र में विकास को और बढ़ावा देने तथा और इस प्रकार पशुपालन क्षेत्र से जुड़े दस करोड़ किसानों के लिए पशुपालन को अधिक लाभकारी बनाने हेतु 2021-22 से शुरू होने वाले, अगले पांच वर्षों के लिए विभाग की योजनाओं के विभिन्न घटकों का संशोधन और पुनर्गठन करके कई कार्यकलापों वाले विशेष पशुधन सेक्टर पैकेज को अनुमोदित किया।

2. <u>गोपशु और डेयरी विकास</u>

i. विभाग ने दिनांक 05/07/2021 के पत्र द्वारा वित्त मंत्रालय से अनुरोध किया कि स्किम्ड दूध पाउडर (एस.एम.पी) के सममूल्य पर सीमित उपभोग के लिए स्वयं की डेयरी इकाईयों को, मक्खन को एक राज्य से दूसरे राज्य में भेजे जाने के लिए एकीकृत वस्तु एवं सेवा कर (आईजीएसटी) से छूट के प्रस्ताव पर विचार किया जाए।

ii. मंत्रिमंडल द्वारा 14/07/2021 को विशेष पशुधन पैकेज को अनुमोदित किए जाने के बाद, संशोधित और पुनर्गठित एनपीडीडी योजना के संचालनात्मक दिशानिर्देशों को अंतिम रूप देने के लिए राष्ट्रीय डेयरी विकास कार्यक्रम के अन्तर्गत गठित केन्द्रीय परियोजना संचालन समिति की पहली बैठक सचिव, पशुपालन और डेयरी विभाग की अध्यक्षता में, समिति के सदस्यों के साथ दिनांक 28/07/2021 को अपराह्न 11 बजे सम्पन्न हुई।

3. <u>पशुधन स्वास्थ्य</u>

i. जिन राज्यों (केरल, हरियाणा, महाराष्ट्र, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़ पंजाब, गुजरात जम्मू तथा कश्मीर और उत्तर प्रदेश) में कुक्कुट/बत्तखों में एवियन इंफ्लूएंजा (एच5 और एच5एन8) के प्रकोप हुए थे, उन सभी राज्यों में नियंत्रण और रोकथाम के उपाय पूरे किये जा चुके हैं। देश के किसी भी भाग से (ऊपर उल्लेख किये गये राज्यों सहित) इस महीने के दौरान एवियन इंफ्लूएंजा (एच5 और एच5 एन8) की घटनाओं/ प्रकोप की सचूना नहीं मिली है।

ii. उत्तर प्रदेश, हरियाणा और जम्मू तथा कश्मीर राज्यों में ग्लेंडर्स की घटना की पुष्टि होने पर, विभाग ने राज्यों को जू स्वच्छता उपायों को अपनाने, रोग को आगे फैलने से रोकने के लिए घोडों के संक्रमित क्षेत्र से आने-जाने पर निगरानी रखने/ प्रतिबंध लगाने के बारे में संसूचित किया।

iii. गुजरात में लम्पी त्वचा रोग (एलएसडी) के फिर से होने की पुष्टि होने पर राज्यों को निश्चित समय-सीमा में रोग के नियंत्रण और रोकथाम हेतु चक्रीय टीकाकरण सहित, तुरंत जैव-सुरक्षा तथा जैव-संरक्षा उपाय अपनाने को कहा गया।

iv. विभाग ने 13 और 14 जुलाई 2021 को वॅर्चुअल माध्यम से होने वाली जी 20 2021- कृषि प्रतिनिधियों की द्वितीय बैठक में भाग लेने के लिए एक अधिकारी को नामित किया।

v. विभाग ने आईसीएआर-एनआईएचएसएडी, भोपाल को अनुमति प्रदान कि वह एनआईएचएसएडी के वैज्ञानिकों तथा जूलोजिकल पार्क के पशुचिकित्सकों द्वारा तैयार की गई 'भारत में एशियाई शेरो में (पैंथर लियोलियो) एसएआरएस-सीओवी-2 के डेल्टा वैरियंट का प्राकृतिक संक्रमण' नामक पाण्डुलिपि को प्रकाशित करे। ये निष्कर्ष हितधारकों को वन्य जीवों की निगरानी करने और साथ ही साथ बीमार, एसिम्पटोमेटिक हैंडलरस, कीपर्स तथा आगंतुकों को संक्रमण से दूर रखने के लिए जैव- सुरक्षा उपाय लागू करने हेतु की जाने वाली जरूरी कार्रवाई में मददगार साबित होंगे।

vi. ओआईई की प्रगति तथा रिंडरपेस्ट के उन्मूलन के 10 वर्ष बाद उसके पुन: उद्भव के जोखिम आकलन हेतु विभाग ने आईसीएआर-एनआईएचएसएडी, भोपाल से एक वैज्ञानिक को नामित किया।

vii. विभाग ने सभी राज्यों के पशुपालन विभागों और उनसे जुड़े अन्य हितधारकों को पशुओं में एसएआरएस-सीओवी- 2 से संबंधित परामर्शी जारी की है, जिसमें पशुओं के विभिन्न वर्गों के लिए जोखिम आकलन सामान्य बचाव और नियंत्रण, जोखिम पाथवे और जोखिम न्यूनीकरण, कीटाणुशोधन, आहार और आहार खिलाने की पद्धति, कचरा प्रबंधन और महत्वपूर्ण संदेश निहित हैं।

viii. विभाग ने एम्स दिल्ली में एवियन इंफ्लूएंजा से होने वाली मानव मृत्यु के सदंर्भ में महामारी विज्ञान जांच हेतु एक समिति का गठन किया है।

ix. विभाग ने एशिया और प्रशांत क्षेत्रों में एफएओ/ओआईई, जीएफटीएडी के लम्पी त्वचा रोगों की अद्यतन क्षेत्रीय जानकारी के लिए विभाग के एक अधिकारी तथा आईवीआरई-

सीएडीआरएडी, आईसीएआर-एनआईएचएसएडी और एनआईवीईडीआई से वैज्ञानिकों को नामित किया है।

x. इस माह के दौरान, राष्ट्रीय पशु रोग नियंत्रण कार्यक्रम (एनएडीसीपी) के तहत आंध्र प्रदेश में एफएमडी के लिए अगले चरण के टीकाकरण का आरम्भ हुआ तथा अभी तक 11.29 लाख पशुओं का टीकाकरण हो चुका है। ब्रूसेला के लिए भी टीकाकरण शुरू कर दिया गया है तथा अभी तक एनएडीसीपी के अन्तर्गत कुल 5712 टीकाकरण हो चुके हैं।

xi. विश्व बैंक के सहयोग से एक स्वास्थ (वन हेल्थ) के प्रभावी कार्यान्वयन हेतु पशु स्वास्थ्य प्रबंधन का सुदृढ़ीकरण संबंधी परियोजना को आर्थिक कार्य विभाग द्वारा अनुमोदित कर दिया गया है। इसका उद्देश्य 'एक स्वास्थ्य' ढ़ांचे का प्रयोग करते हुए राष्ट्रीय स्तर पर पशु स्वास्थ्य के बेहतर प्रबंधन और रोगों के मामले को कम करने के लिए प्रणालीगत क्षमता को मजबूत करना है।

4. <u>राष्ट्रीय पशुधन मिशन (एन.एल.एम)</u>

i. विभाग ने 07/07/2021 को आहार एवं चारा संबंधी कार्यकलापों में उद्यमशीलता पर एक वेबीनार आयोजित किया। विशेषज्ञों और सफल उद्यमियों द्वारा विचार-विमर्श/ प्रस्तुतीकरण किया गया तथा देश के विभिन्न भागों से 500 से अधिक प्रतिभागियों ने इसमें हिस्सा लिया।

ii. विभाग ने दिनांक 28/07/2021 की अधिसूचना के जरिये पुनर्गठित राष्ट्रीय पशुधन मिशन हेतु एक अधिकार प्राप्त समिति का गठन किया है। इस समिति ने योजना के दिशानिर्देशों के अनुमोदन हेतु अपनी पहली वर्चुअल बैठक सचिव, एएचडी की अध्यक्षता में दिनांक 30/07/2021 को सम्पन्न की।

5. <u>क्रेडिट, विस्तार और प्रचार (सी.ई.पी)</u>

i. विभाग ने 7 जुलाई 2021 को एशियाई विकास बैंक (एडीबी) और वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय के सहयोग से माननीय मंत्री (एफएएचडी) की गरिमामयी उपस्थिति में डिजिटल आयात निकासी प्रणाली का शुभारंभ किया। सभी पशु संगरोध और प्रमाणीकरण सेवाओं (एक्यूसीएस) तथा संबन्धित आयातकों और निर्यातकों ने बैठक में वर्चुअल रूप से हिस्सा लिया।

ii. विभाग ने 22.07.2021 को 'एक स्वास्थ्य' पर हितधारकों के साथ पैनल चर्चा की जिसमें बहुत से राष्ट्रीय एवं अन्तर्राष्ट्रीय तकनीकी विशेषज्ञों ने भारत में 'एक स्वास्थ्य' को लागू करने के संबंध में विभिन्न कारकों तथा कार्य बिंदुओं पर प्रकाश डाला।

6. <u>अन्तर्राष्ट्रीय सहयोग</u>

i. संयुक्त सचिव (आईसी) और भारत में यूरोपीय संघ के प्रतिनिधिमंडल की आर्थिक एवं व्यापार मामलों की सलाहकार सुश्री मारिया फ्लैडी के बीच दिनांक 08/07/2021 को एक वर्चुअल बैठक सम्पन्न हुई, जिसमें वर्ष 2019 में हुई भारत- यूरोपीय संघ पशु स्वास्थ्य तकनीकी कार्य समूह (एएचटीडब्ल्यूजी) की बैठक की अनुवर्ती कार्रवाई पर तथा एएचटीडब्ल्यूजी की अगली बैठक की तिथि व कार्यसूची पर चर्चा की गई। भारतीय पक्ष ने भारतीय डेयरी, भैंस व कुक्कुट उत्पाद के लिए यूरोपीय संघ के बाजार तक अपनी पहुंच बनाने की मंशा जाहिर की। यूरोपीय संघ ने पनीर/ पशु रेनेट के लिए बाजार तक पहुंच मिलने की इच्छा व्यक्त की और भारत से अनुरोध किया कि वे ऐसे पनीर के आयात की सम्भावनाओं को दर्शायें, जिसके अन्तिम उत्पाद में पशु रेनेट न हो। इसके अलावा, दोनों पक्षों ने निकट भविष्य में प्रस्तावित अध्ययन दौरे पर गहराई से विचार करने के लिए परस्पर रज़ामंदी जाहिर की। दोनों पक्षों ने नवम्बर के प्रथम सप्ताह में एएचटीडब्ल्यूजी की बैठक आयोजित करने की सम्भावनाओं पर भी विचार किया।

ii. संयुक्त सचिव (आईसी) और सुश्री रिकी जेनिंग्स, एशिया की प्रमुख वार्ताकार, एलएटीएएम, उभरते हुए बाजार और एस.पी.एस, पर्यावरण, खाद्य और ग्रामीण मामलों के विभाग (डीईएफआरए), ब्रिटेन के बीच एक बैठक 27/07/2021 को हुई। इसके उद्देश्य भारत व ब्रिटेन के संयुक्त कार्यकारी समूह के लक्ष्यों को ताजा करना तथा भविष्य में द्विपक्षीय सहयोग के संभावित क्षेत्रों पर विचार करना था। दोनों पक्षों ने जूनोसिस, एक स्वास्थ्य साझेदारी, एफएमडी सरकार के एवियन इंफ्लूएंजा के प्रकोप को नियंत्रित करने के अनुभव को साझा करने, कुक्कुट की बीमारियों आदि के क्षेत्रों में सहयोग की संभावनाओं पर चर्चा की, जिन्हें भारत ब्रिटेन की अगली जेडब्ल्यूजी की बैठक में विचार हेतु उठाया जाना है। इसके अलावा भेड़ के मांस तथा ओवाईन और कैपरीन जर्मिनल उत्पादों के ब्रिटेन से भारत आयात हेतु प्रमाणीकरण के मुद्दे पर चर्चा की गयी।

iii. संयुक्त सचिव (आईसी) और श्री जॉन साउथवेल, कृषि परामर्शदाता, आस्ट्रेलियाई उच्चायोग के बीच 30/07/2021 को एक बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में अन्य मुद्दों के साथ-साथ भारत में संयत्र आधारित स्टॉक फीड के आयात के लिए पशुचिकित्सा स्वास्थ्य प्रमाण पत्र जारी करने, आस्ट्रेलिया को जमे हुए पनीर के लिए <u>निर्यात प्रमाण</u>

पत्र जारी करने के मुद्दे पर भी चर्चा की गयी। बैठक में भारतीय पक्ष ने भारत से पाश्चुराइज्ड, स्टरलाइज्ड तथा अल्ट्रा-हीट ट्रीटिड दूध से निर्मित पनीर के आयात की अनुमति देने के अपने अनुरोध पर बल दिया। भारतीय पक्ष ने भारतीय अंडे की सफ़ेदी (एग व्हाइट) तथा अंडा पाउडर वाले उत्पादों हेतु बाजार पहुंच मिलने का अनुरोध किया।

**7. बजटः**

वर्ष 2021-22 के लिए जुलाई, 2021 तक, 3599.98 करोड़ रुपए के बजट अनुमान (बीई) की तुलना में व्यय 499.54 करोड़ रुपए था। जुलाई, 2021 माह के दौरान विभाग का व्यय 123.51 करोड़ रुपए था।

**8. सोशल मीडिया के कार्यकलापः**

माह के दौरान, विभाग के ट्विटर पेज को 48,611 फॉलोवर्स द्वारा देखा गया। सोशल मीडिया कार्यकलापों के तहत 212 रचनात्मक पोस्ट बनाए गए, 314 ट्वीट, 2284 री-ट्वीट किए गए, 18 वीडियो और जीआईएफ बनाए गए। विभाग की फेसबुक पर 1,24,304 फॉलोवर्स हैं। विभाग के कू एकाउंट पर 30,801 फॉलोवर्स हैं। जुलाई 2021 के अंत तक लिंक्डइन पर 206 फॉलोवर्स तथा इंस्टाग्राम पर 132 फॉलोवर्स थे।